Pandemic Virtuosity

Is sangrodh mein [Hindi]

Joshika Sheoran

Medical student, University College Of Medical Sciences, Delhi

Corresponding Author:
Joshika Sheoran
University College Of Medical Science
Delhi, 110095, India
Email: gpsmajoshika at gmail dot com

Received: 15-APR-2020 Accepted: 20-APR-2020 Published: 27-APR-2020

आज बैठी इस संग्रोध में ,
मैं सबसे अलग लेकिन खुद के सबसे क़रीब ;
स्वयं के भीतर के उस तालाब में झाँकती मैं ,
जिसे मैंने इस संसार के पर्वतों के बीच
कहीं खो सा दिया था ।

आज फ़िर उस सरोवर के शीतल जल में ,
डुबकी से मन को मिला वो आलोकिक सुख ,
जो शायद बाहर निकल कर महंगे सिनेमा में नहीं।।

आज इस संग्रोध में हुई मैं परिवार के क़रीब ,
जहाँ अपनों के बीच मिला मुझे
पिता का प्यार : माँ का दुलार : भाई की नोंक झोंक ,
जिसे खो दिया था इस दौड़ती ज़िंदगी में कहीं,
आज इस संग्रोध में मिला बचपन का वो शौक़ !
जिसमें रंगो से भरी दुनिया के सपने थे ,
पागल से थे पर अपने थे ।।

हरा नीला लाल पीला सा था सारा जहान ,
जो धुँधला गया था इन फैक्टरियों के काले धूँए में ,
उभरता नज़र आया ।।
वो फ़िर मुझे इस संग्रोध में ,
फ़िर खाया आज मैंने दादी के हाथ के वो लड्डू
जिनकी मिठास में मेरा तन मन खो गया ।

Cite this article as: Sheoran J. Is sangrodh mein [Hindi]. RHiME. 2020;7:75-6.

दिखे आज तारे आसमाँ में टिमटिमाते हुए ,
दिखे वो चाँद मामा भी जिन्हें
बचपन की लोरियों में मैं छोड़ आयी थी ।।

आज बैठे हुए इस संग्रोध में ,
फ़िर अहसास हुआ मुझे उन आसमानी शक्तियों का
जो मेरे मन को पावन बना देती हैं ।

उस बहती शीतल हवा का ,
जो गर्मी की इस लू में कहीं दब सी गयी थी ।

मैं फ़िर मिली उन प्यारी सहेलियों से :
जिनकी चहक सुबह सुबह मुझे ख़ुशी से भर देती थी ;
आज वो चिड़िया फ़िर मेरी छत पे आयी थी ,
खो गयी थी जो कहीं मेरी भागती ज़िंदगी में
आज यह संग्रोध मेरे जीवन में लाया वो पल :
जहाँ मैं मिल गयी खुद से ,
हुई मैं वाक़िफ़ अपने शौक़ से,
आज इस संग्रोध ने फ़िर दिया मुझे मौक़ा
खुद के भीतर के ख़ज़ाने को खोजने का !

जिसे ज़िम्मेदारियों ने दबा दिया था ।।
आज फ़िर इस संग्रोध में बैठी मैं सबसे अलग ।।

Acknowledgment: This poem was submitted to "Lockdown Diaries: The COVID Contract" hosted online by Parwaaz, the poetry society of University College of Medical Sciences, Delhi, in April 2020